समूहगान में एसआर स्कूल और समूह नृत्य में बाल भवन प्रथम

भास्कर न्यूज | भिवानी

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा देशभक्ति समूह गान व समूह नृत्य स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें में जिले के 25 स्कूलों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बाल कल्याण अधिकारी वजीर सिंह दांगी ने किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन सुरेंद्र शर्मा ने किया। स्पर्धा में राजीव गांधी कन्या महाविद्यालय से सविता शर्मा, केएम कालेज से राजीव, वैश्य कालेज से अनिल तंवर व आदर्श महिला महाविद्यालय से किरण ने निर्णायक मंडल में जज की भूमिका अदा की। समूह नृत्य में में भिवानी पब्लिक स्कूल प्रथम, वैश्य मॉडल स्कूल द्वितीय, सरस्वती स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरस्कार टीआईटी स्कूल ने प्राप्त किया। समूहगान प्रतियोगिता में एसआर स्कूल ने प्रथम, बालभवन पब्लिक स्कूल ने द्वितीय व बिट्स स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी रितु, समाजसेवी प्रवीण कानोड़िया, सहायक कार्यक्रम अधिकारी संदीप, कानूनी सलाहकार मनोज भी मौजूद थे।

बाल भवन पब्लिक स्कूल में समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रस्तुति देती सुरुचि, छवि, निकिता, साक्षी, अनु, कनिष्का, मुस्कान व अन्य।